$S.P. = 10 \times \frac{90}{100} = 9$

$S.P. < C.P.$

यदि हानि = $9.09 - 9 = 0.09$

प्रतिशत में = $\frac{0.09}{9.09}\times100 = 1\%$ हानि

अतः विकल्प (a) सही है।

**65. By what number should 81 be divided to get a perfect cube?/पूर्ण धन प्राप्त करने के लिए 81 को किस संख्या से विभाजित किया जाना चाहिए?**

(a) 6
(b) 3
(c) 7
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (b) :** दिया है संख्या = 81
$= 3 \times 3 \times 3 \times 3$
$= (3)^3 \times 3$

अतः 81 संख्या की 3 से विभाजित करने पर वह पूर्ण धन हो जायेगी।

**66. The difference between two whole numbers is 66. The ratio of the two numbers is 2:5. The two numbers are :
दो पूर्ण संख्याओं के बीच का अंतर 66 है। दोनों संख्याओं का अनुपात 2 : 5 है। दोनों संख्याएँ हैं–**

(a) 100 and 33/100 और 33

(b) 60 and 6/60 और 6

(c) 110 and 44/110 और 44

(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक

(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (c) :** माना पहली संख्या = 2x
दूसरी संख्या = 5x
दोनो में अन्तर = दूसरी संख्या - पहली संख्या।

$5x - 2x = 66$
$3x = 66$
$x = 22$

पहली संख्या = 2x = 44
दूसरी संख्या = $5x = 5 \times 22 = 110$
अतः संख्या 44 ........110 होगी।

**67. In a parallelogram ABCD, angle A and angle B are in the ratio 1:2. Find the angle A.**
**दो समांतर चतुर्भुज ABCD में, कोण A और कोण B का अनुपात 1:2 है। कोण A ज्ञात कीजिए।**

(a) 45°

(b) 30°

(c) 60°

(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक

(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (c) :** दिया $\angle A : \angle B = 1 : 2$
माना कि $\angle A = x$ और $\angle B = 2x$
$\Rightarrow \angle A + \angle B + \angle C + \angle D = 360°$
$\therefore \angle A = \angle C$ और $\angle B = \angle D$ (समान्तर चतुर्भुज के नियम से)
$\Rightarrow x + 2x + x + 2x = 360°$




$6x = 360°$
$x = 60°$
अतः $\angle A = x = 60°$

**68. The height of a cylinder whose radius is 7 cm and the total surface area is 968 cm2 is :**
**एक बेलन की ऊँचाई जिसकी त्रिज्या 7 सेमी है और कुल सतह क्षेत्रफल 968 सेमी² है–**

(a) 17 cm/17 सेमी

(b) 15 cm/15 सेमी

(c) 19 cm/19 सेमी

(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक

(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (b) :**
दिया है त्रिज्या (r) = 7 सेमी. ऊँचाई (h) = ?, A = 968 सेमी².
बेलन के सम्पूर्ण पृष्ठ का क्षेत्रफल = $(2\pi th + 2\pi t^2 h)$

$968 = 2 \times \frac{22}{7} \times 7\ (7 + h)$

$(7 + h) = \frac{968}{2 \times 22}$

$= 22$

$7 + h = 22$

$\Rightarrow \quad h = 22 - 7 = 15$ सेमी.

अतः बेलन की ऊँचाई 15 सेमी.

**69. If $(-3)^{m+1} \times (-3)^5 = (-3)^7$, then the value of m is:**
**यदि $(-3)^{m+1} \times (-3)^5 = (-3)^7$, तो m का मान है?**

(a) 7

(b) 5

(c) 1

(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक

(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (c) :** दिया है

$(-3)^{m+1} \times (-3)^5 = (-3)^7$

या $\quad (-3)^{m+1+5} + (-3)^7$

आधार समान है घातों की तुलना करने पर

$m + 6 = 7$
$m = 1$

**70. If x and y are inversely proportional, then:**
**यदि और व्युत्क्रमानुपाती हैं, तो–**

(a) xy = constant/xy = स्थिरांक

(b) y/x = constant/y/x = स्थिरांक

(c) x/y = constant/x/y = स्थिरांक

(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक

(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (a) :** व्युत्क्रमानुपाती का सूत्र क्या है।
व्युत्क्रम समानुपात का सूत्र y = k/x है,
जहाँ x और y व्युत्क्रम समानुपात में दी राशियाँ है और k समानुपात का स्थिरांक है

$y = k/h$

$\therefore \quad xy = k$ (स्थिरांक)

## PART-III : HISTORY

**71. Which professional class greatly promoted the concept of 'laissez faire' for their own interests?/किस व्यवसायिक वर्ग ने अपने हितों के लिए 'अहस्तक्षेप' के सिद्धांत को महानता के साथ प्रोत्साहित किया था?**

(a) Landlords/जमींदार
(b) Capitalist class/पूँजीपति वर्ग
(c) Workers/श्रमिक
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (b) :** पूँजीपति व्यवसायिक वर्ग ने अपने हितों के लिए अहस्तक्षेप के सिद्धांत को महानता के साथ प्रोत्साहित किया था। अहस्तक्षेप के सिद्धांत की उत्पत्ति 18वीं शताब्दी में औद्योगिक क्रांति के दौरान हुई थी। फ्रांसीसी उद्योगपतियों (पूँजीपतियों) ने व्यापार को बढ़ावा देने के लिए फ्रांसीसी सरकार की स्वैच्छिक सहायता के जवाब में इस शब्द का इस्तेमाल किया था।

**72. One of the most significant contributions of the Renaissance was the establishment of the :**
**पुनर्जागरण का सबसे एक महत्वपूर्ण योगदान की स्थापना करना था–**

(a) Promotion of Art and Literature in Italy
इटली में कला और साहित्य को प्रोत्साहन देना
(b) Civil Society/नागरिक समाज
(c) Individualism/व्यक्तिवाद
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (a) :** यूरोप का मध्यकाल पूर्णतः अंधकार का युग नहीं था। इस काल के अंत के आस-पास ऐसी परिस्थियाँ विकसित हुई जिन्होंने मनुष्य को चेतनायुक्त बनाया। यही चेतना पुनर्जागरण कहलाई। पुनर्जागरण का एक महत्वपूर्ण योगदान इटली के उन सांस्कृतिक परिवर्तनों (कला और साहित्य का प्रोत्साहन) से है, जो 1300 ई. के बाद इटली में विकसित हुए और धीरे-धीरे 1600 ई. के पूर्व यूरोप के अन्य भागों में फैल गए। इसके अन्य योगदान मानवतावादी आन्दोलन का आरम्भ, धर्म के क्षेत्र में नवीन दृष्टिकोण, व्यक्तिवादी सिद्धांतों का विकास, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नागरिक समाज इत्यादि हैं।

**73. "Man is born free but bounds in chains everywhere" Who said it?/''मनुष्य पैदा तो स्वतंत्र हुआ है लेकिन सर्वत्र जंजीरों से बँधा हुआ है।'' यह किसने कहा?**

(a) Lord Acton/लॉर्ड एक्टन
(b) Lord Morley/लॉर्ड मारले
(c) Rousseau/रूसो
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (c) :** जीन जेक्स रूसो फ्रांस का सर्वाधिक प्रबुद्ध दार्शनिक था। रूसो ने अपने जीवन के अनेक निबन्ध, उपन्यास और अंत में अपनी जीवनी लिखी। रूसो ने अपनी सबसे प्रसिद्ध पुस्तक 'सोशल कान्ट्रेक्स' (1762) में इस वाक्य से आरम्भ किया है कि ''मनुष्य पैदा तो स्वतंत्र हुआ है लेकिन सर्वत्र जंजीरों से बँधा हुआ है।'' रूसो ने लिखा है कि आदिम काल में मनुष्यों को स्वतंत्रता, समानता और भ्रातृत्वभाव प्राप्त था, लेकिन जैसे-जैसे मनुष्य सभ्य होता गया, उसने अपने अधिकारों का परित्याग कर एक समवेत शक्ति गठित करने के लिए समझौता किया और राज्य का जन्म हुआ।

**74. "The nobles fight, the clergy pray and the people pay". It was a famous saying of/''कुलीन लड़ते हैं, पुरोहित पूजा करते हैं और लोग भुगतान करते हैं।'' यह एक प्रसिद्ध कहावत थी–**

(a) Medieval France/मध्ययुगीन फ्रांस की
(b) Medieval England/मध्ययुगीन इंग्लैंड की
(c) Medieval Russia/मध्ययुगीन रूस की
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (a) :** मध्ययुगीन फ्रांस में मध्यम वर्ग के साथ कुलीन वर्ग के लोग बहुत बुरा और असमानता का व्यवहार करते थे। यह बात उन्हें बहुत अपमान जनक लगती थी। इसी वजह से फ्रांस की क्रांति का सबसे महत्वपूर्ण नारा 'समानता' था, जिसे मध्यम वर्ग ने शुरू किया। कहा जाता है कि 'क्रांति' के पूर्व फ्रांस में कुलीन लड़ते थे पुरोहित (पुजारी) पूजा करते थे और जन साधारण लोग कर का भुगतान करते थे या उनका खर्च जुटाते थे।

**75. One of the main contributions of the National Assembly was the/राष्ट्रीय सभा का एक मुख्य योगदान था–**

(a) Establishment of Republic/गणराज्य की स्थापना
(b) End of monarchy/राजतंत्र का अंत
(c) Execution of the king/शासक को फाँसी
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (a) :** राष्ट्रीय सभा (नेशनल असेम्बली) का एक मुख्य योगदान गणराज्य की स्थापना थी। अप्रैल 1792 में राष्ट्रीय सभा ने प्रशा और ऑस्ट्रिया के विरुद्ध युद्ध की घोषणा का प्रस्ताव पारित कर दिया। अंत में नवनिर्वाचित असेम्बली को कन्वेशन का नाम दिया गया। 21 सितम्बर 1792 को इसने राजतंत्र का अंत कर दिया और फ्रांस को एक गणराज्य घोषित किया।

**76. Main cause of economic progress in France was the agricultural progress after the Revolution due to the :/क्रांति के बाद फ्रांस में आर्थिक उन्नति का मुख्य कारण कृषि प्रगति के कारण था–**

(a) Fencing system/बाड़ाबंदी व्यवस्था
(b) Mixed Crops/मिश्रित फसलें
(c) Commercialisation of crops
फसलों का व्यवसायिकरण
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (c) :** क्रांति के बाद फ्रांस में आर्थिक उन्नति का मुख्य कारण कृषि प्रगति के कारण फसलों का व्यवसायिकरण था। कृषि उत्पादों के विपणन और उनके परिशोधन के कारण खेती के अलावा भी रोजगार के अन्य अवसर पैदा हुए। बड़े पैमाने पर अनाजों की कुटाई, वाइन का उत्पादन और इन उत्पादों का परिवहन, भंडारण और विपणन जैसे क्षेत्रों में काम करने के अवसर उपलब्ध हुए। हालांकि फ्रांस में बाजार की सक्रियता सब जगह एक समान नहीं थी।

**77. After Russian Revolution, 1917, a new group emerged known as the:/1917 की रूसी क्रांति के बाद एक नया ग्रुप स्थापित हुआ जिसे जाना गया था–**

(a) Kulaks/कुलक
(b) Dictatorship of proletariat
सर्वहारा-वर्ग की तानाशाही
(c) Young Russians/युवा रूसी
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (b) :** 1917 की रूस की क्रांति के पश्चात् श्रमिक अथवा सर्वहारा वर्ग की तानाशाही की सत्ता रूस में स्थापित हो गई तथा इसने अन्य क्षेत्रों में भी आन्दोलन को प्रोत्साहन दिया। रूसी क्रांति के बाद विश्व विचार धारा के स्तर पर दो खेमों में विभाजित हो गया। साम्यवादी, एवं पूँजीवादी। इसके बाद यूरोप भी दो भागों में विभाजित हो गया। पूर्वी यूरोप एवं पश्चिमी यूरोप।

**78. Who headed an aggressive government and came to power in Japan in 1941?/जापान में 1941 में किसने आक्रामक सरकार को नेतृत्व दिया और सत्ता प्राप्त की थी?**

(a) General Fujiwara/जनरल फूजीवाड़ा
(b) General Hideki Tojo/जनरल हिदेकी टोजों
(c) Tsoro Furukawa/स्तोरो फूरूकावा
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (b) :** जापान में 1941 में जनरल हिदेकी टोजों ने आक्रामक सरकार को नेतृत्व दिया और सत्ता प्राप्त की थी। ये जापान के एक सैनिक अधिकारी और राजनीतिक नेता थे। 1940 में इन्हें युद्धमंत्री और एक वर्ष बाद प्रधान मंत्री बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। दिसम्बर 1941 को पर्ल हार्बर पर जापानी आक्रमण के पश्चात टोजों ने अधिकारिक रूप से सयुंक्त राज्य अमेरिका के विरुद्ध युद्ध की घोषणा कर दी। मरियाना द्वीपसमूह पर अमेरिका के सफल आक्रमण के परिणामस्वरूप जापानी सरकार इतनी निर्बल हो गई कि टोजों को कर्मचारी वर्ग के प्रमुख का पद त्याग देना पड़ा। 1945 में जापान की औपचारिक आत्मसमर्पण के उपरांत टोजों ने आत्महत्या का प्रयास किया किंतु अस्पताल में उसकी जान बच गई। बाद में उसे सैनिक अपराधी ठहराकर उस पर अभियोग चलाया गया और दिसम्बर 1948 को प्राणदंड दे दिया गया।

**79. Who entered the World War-II on 8 December, 1941?/8 दिसंबर, 1941 को द्वितीय विश्व युद्ध में किसने प्रवेश किया?**

(a) Italy/इटली
(b) Germany/जर्मनी
(c) America/अमेरिका
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (c) :** जापान ने 7 दिसम्बर 1941 को हवाई द्वीप स्थित पर्ल हार्बर के अमेरिकी नौसैनिक अड्डे पर जर्बदस्त हमला करने कारण अमेरिका 8 दिसम्बर 1941 को जापान के विरूद्ध युद्ध की घोषणा कर दी और द्वितीय विश्व युद्ध में शामिल हो गया। उसके बाद जर्मनी और इटली ने अमेरिका के खिलाफ युद्ध की घोषणा कर दी।

**80. The World War - II came to an end on :
द्वितीय विश्व युद्ध समाप्त हुआ–**

(a) 11 August, 1945/11 अगस्त, 1945 को
(b) 10 August, 1945/10 अगस्त, 1945 को
(c) 12 August, 1945/12 अगस्त, 1945 को
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (e) :** अमेरिका द्वारा जापान के हिरोशिमा शहर पर 6 अगस्त 1945 को विकसित हथियार एटम बम गिराया गया उसके बाद 9 अगस्त 1945 को दूसरा एटम बम नागासाकी शहर पर गिराया जिसके कारण दोनों शहर नेस्तनाबूत हो गये। अतः अब जापान के सामने आत्मसमर्पण के अलावा कोई और विकल्प नहीं था। जापान ने 2 सितम्बर 1945 को आत्मसमर्पण कर दिया, इसके साथ ही द्वितीय विश्वयुद्ध समाप्त हो गया।

**81. Which two blocks emerged after World War-II?/द्वितीय विश्व युद्ध के बाद दो कौन-से ब्लॉक अस्तित्व में आए?**

(a) Russia and China groups/रूस और चीन ग्रुप
(b) Latin American and American groups
लैटिन अमेरिका और अमेरिकन ग्रुप
(c) Democratic leadership under America and communist bloc under Russia
अमेरिका के अंतर्गत प्रजातांत्रिक नेतृत्व और रूस के अंतर्गत साम्यवादी ब्लॉक
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (c) :** द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद विश्व साम्यवादी और पूँजीवादी खेमे में बँट गया। साम्यवादी ब्लाक का नेतृत्व सोवियत रूस कर रहा था तथा पूँजीवादी खेमे (प्रजातांत्रिक) का नेतृत्व संयुक्त-राज्य अमेरिका कर रहा था। एक गुटनिरपेक्ष राज्यों के संघ के रूप में तीसरा खेमा सामने आया, यह मूलतः नवोदित स्वतंत्र और विकासशील राष्ट्र थे।

**82. Who was the immediate successor of Iltutmish?/इल्तुतमिश का तत्कालीन उत्तराधिकारी कौन था?**

(a) Razia/रजिया
(b) Ruknuddin Firozshah/रुकनुद्दीन फिरोजशाह
(c) Nasiruddin Mahmud नसिरुद्दीन महमूद
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (b) :** इल्तुतमिश का तत्कालीन उत्तराधिकारी रुकनुद्दीन फिरोजशाह (1336 ई.) था। रुकनुद्दीन के समय वास्तविक सत्ता उसकी माँ 'शाह तुर्कान' के हाथों में थी। जनता ने रुकनुद्दीन फिरोजशाह को सत्ता से अपदस्थ कर रजिया को सुल्तान बनाया। इसने दिल्ली सल्तनत पर 'सात माह' तक शासन किया था।

**83. Who wrote 'Tarikh -i-Firuzshahi'?**
**'तारीख-ए- फिरोजशाही' किसने लिखी?**

(a) Zia-ud-din Barani/जिया-उद-दिन बरनी
(b) Hasan Nizami/हसन निजामी
(c) Yahya-bin Ahmad/याह्या-बिन अहमद
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (a) :** तारीख-ए-फिरोजशाही की रचना जियाउद्दीन बरनी ने की थी। इस पुस्तक में बलबन के राज्याभिषेक से लेकर फिरोजशाह तुगलक के शासनकाल के छः वर्षों तक की घटनाओं का वर्णन मिलता है। यह ग्रंथ फारसी भाषा में है। इसके अलावा जियाउद्दीन बरनी ने फतवा-ए-जहाँदारी, शाना-ए-मुहम्मदी, हसरतनामा आदि की भी रचना की।
**नोट**- शम्से सिराज अफीफ की पुस्तक का नाम भी 'तारीख-ए-फिरोजशाही' है। जिसकी रचना बरनी के मृत्यु के बाद की है।

**84. In strict Islamic theory,the true king of a Muslim state is:/कड़े इस्लामिक सिद्धांत में, एक मुस्लिम राज्य का सच्चा शासक होता है–**

(a) Shahansha/शाहजहाँ
(b) The Caliph/खलीफा
(c) God/अल्लाह
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (b) :** कड़े इस्लामिक सिद्धांत में, खलीफा एक मुस्लिम राज्य का सच्चा शासक होता था। दिल्ली सल्तनत के सुल्तान खलीफा को अपना वैधानिक शासक मानते थे। समस्त मुसलमानों का शासक इस्लामी विधि के अनुसार खलीफा था। शासक खलीफा के नाम के खुतवा पढ़वाते थे एवं सिक्के जारी करवाते थे।

**85. Who appointed Balban to the post of Amir-i-Shikar?/बलबन को अमीर-ए-शिकार के पद पर किसने नियुक्त किया था?**

(a) Ruknud-din Firuzshah/रुकनुद-दिन फिरोजशाह
(b) Iltutmish/इल्तुतमिश
(c) Raziya Begum/रजिया बेगम
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (c) :** बलबन को अमीर-ए-शिकार के पद पर रजिया सुल्ताना ने नियुक्त किया था। इल्तुतमिश के समय बलबन को खासदार (सुल्तान का निजी सेवक) का पद दिया गया था जबकि अलाउद्दीन मसूदशाह एवं नासिरुद्दीन महमूद ने क्रमशः अमीर-ए-हाजिब एवं नाइब-ए-मुमलिकात के पद पर नियुक्त किया था।

**86. Who disbanded the 'group of forty'?**
**'चालिस के संगठन' को किसने समाप्त किया?**

(a) Balban/बलबन
(b) Razia/रजिया
(c) Kakubad/कैकुबाद
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (a) :** चालिस (चालीसा) के संगठन को सुल्तान बलबन ने समाप्त किया था। तुर्कान-ए-चहलगानी (चालीसा दल) का संगठन इल्तुतमिश ने किया था। यह गुलाम तुर्कों का एक संगठन था। बलबन भी इस संगठन का सदस्य था। इस दल में इल्तुतमिश के सबसे विश्वास पात्र गुलाम होते थे। जो 40 की संख्या में थे जिन्हें 40 सदस्यों का एक दल भी कहा जाता था। इस दल को बलबन ने अपने शासन काल के दौरान समाप्त कर दिया था।

**87. What was the official language of Sultanate?**
**सल्तनत की अधिकारिक भाषा क्या थी?**

(a) Urdu/उर्दू
(b) Persian/फारसी
(c) Arabic/अरबी
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (b) :** दिल्ली सल्तनत की अधिकारिक भाषा फारसी थी। दिल्ली के सुल्तानों द्वारा फारसी भाषा को प्रोत्साहित किया गया था इसी कारण दिल्ली सल्तनत की अधिकांश पुस्तके फारसी भाषा में लिखी गयी थी। जैसे 'तारीख-ए-फिरोजशाही, तुगलकनामा, खजाइन-उल-फुतूह' आदि। सल्तनत काल से सम्बंधित पुस्तकालय दिल्ली में स्थापित था। मुगलकाल में भी 'फारसी' राजकीय भाषा थी।

**88. Which officers were appointed by Balban to watch the activities of governors, military and civil officers?/बलबन ने किस अधिकारियों को गवर्नरों, सैन्य और असैन्य अधिकारियों की गतिविधियों पर ध्यान रखने के लिए नियुक्त किया था?**

(a) Mir Bakshi/मीर बख्शी
(b) Diwan - i - ariz/दिवाने आरिज
(c) Barids/बारिद
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (c) :** दिल्ली के सुल्तान बलबन ने बारिद (गुप्तचर) अधिकारियों को गवर्नरों, सैन्य और असैन्य अधिकारियों की गतिविधियों पर ध्यान रखने के लिए नियुक्त किया था। दीवान-ए-अर्ज निभाग की स्थापना बलबन ने की थी। इस विभाग का अध्यक्ष आरिज-ए-मुमालिक होता था। बारिद के अधिकारी को बारिद-ए-मुमालिक कहा जाता था।

**89. Who was the fore-runner of the state system of the Khaljis?/खिलजियों की राज व्यवस्था का अग्रदूत कौन था?**

(a) Balban/बलबन
(b) Razia Begum/रजिया बेगम

(c) Kaiqubad/कैकुबाद
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (a) :** खिलजियों की राज व्यवस्था का अग्रदूत बलबन था। बलबन ने मंगोलो के आक्रमण को रोकने के लिए सीमान्त क्षेत्रों में दुर्गो का निर्माण किया और अपने योग्यतम सैनिकों को वहाँ नियुक्त किया। तथा उत्तरी-पश्चिमी सीमा के सम्बन्ध में उसने जो नीति अपनाई वहीं आगे चलकर खिलजी शासकों के लिए मार्गदशक सिद्ध हुई। इसी सन्दर्भ में हबीबुल्लाह ने कहा कि 'बलबन ने ही बड़ी सीमा तक खिलजी राज्य व्यवस्था की पृष्ठभूमि का निर्माण किया'।

**90. Akbar was born on 15 October,1542 at :**
**अकबर 15 अक्टूबर, 1542 को पैदा हुआ था–**
(a) Amarkot/अमरकोट में
(b) Dhankot/धनकोट में
(c) Syalkot/सयाल कोट में
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (a) :** मुगल बादशाह जलालुद्दीन मुहम्मद अकबर का जन्म 15 अक्टूबर, 1542 ई. को अमरकोट (सिन्ध) में राणा बीरसाल के महल में हमीदा बानो बेगम के गर्भ से हुआ था। इसके पिता का नाम हुमायूँ था। पुत्र के जन्म के समय हुमायूँ अमरकोट से दूर शाह हुसैन अमगूर के विरुद्ध भट्टा और भक्खर अभियान पर था।

**91. Who has been regarded as 'the National Monarch'?/'राष्ट्रीय शासक'– किसको कहा गया हैं?**
(a) Akbar/अकबर
(b) Shershah Suri/शेरशाह सूरी
(c) Bahadurshah Zafar/बहादुरशाह जफर
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (a) :** मुगल बादशाह अकबर को राष्ट्रीय शासक कहा जाता है। अकबर विश्व के महान सम्राटों में से एक था उसकी दूरदर्शिता तथा विवेकपूर्ण नीतियों को सभी इतिहासकारों ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की है। अकबर ने राजनीतिक, धार्मिक, सामाजिक, आर्थिक तथा कला के क्षेत्र में भी सामंजस्य और समन्वय की नीति अपनाई इसी कारण अकबर को राष्ट्रीय सम्राट कहा जाता है।

**92. The first Rajput chief who entered into matrimonial alliance with Akbar was :**
**प्रथम राजपूत राजा जिसने अकबर के साथ वैवाहिक संबंध आरंभ किये थे–**
(a) The Ruler of Marwar/मारवाड़ के राजा
(b) The Ruler of Ranthambor/रणथम्भौर के राजा
(c) The Ruler of Jaipur/जयपुर के राजा
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (c) :** आमेर (जयपुर) के राजपूत राजा भारमल (बिहारीमल) ने अपनी पुत्री हरखाबाई का विवाह मुगलबादशाह अकबर के साथ किया था। अकबर के साथ किसी राजपूत राजकुमारी का यह प्रथम विवाह था। यह विवाह अकबर ने जनवरी 1562 में मुईनुद्दीन चिश्ती के यात्रा के लौटने के बाद फरवरी 1562 में किया था। अकबर का राजपूतों से विवाह का मुख्य कारण राजनीतिक था।

**93. "Din - i - Ilahi was a monument of Akbar's folly not of his wisdom". Who wrote it?**
**''दीन-ए-इलाही अकबर की मूर्खता का एक बहुत बड़ा कार्य था न कि उसकी बुद्धिमत्ता का था।'' यह किसने लिखा?**
(a) Stanley Lane-pool/स्टेनले लेनपूल
(b) V.A.Smith/वी.ए. स्मिथ
(c) Woolsey Haig/वूल्से हेग
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (b) :** दीन-ए-इलाही की स्थापना अकबर ने 1582 में की थी। इसका उद्देश्य एक नये धर्म का प्रवर्तन नहीं बल्कि सभी धर्मो में सामंजस्य स्थापित करना था। अकबर के दीन-ए-इलाही के सम्बन्ध में इतिहासकारों ने अपना अलग-अलग मत दिया है। वी.ए. स्मिथ के अनुसार ''दीन-ए-इलाही अकबर की मूर्खता का एक बहुत बड़ा कार्य था न कि उसकी बुद्धिमत्ता का था।'' मोहसिन फानी ने अपनी रचना दबिस्तान-ए-मजाहिब में पहली बार इसे स्वतंत्र धर्म के रूप में वर्णित किया है।

**94. It is generally accepted by the scholars that 'dahsala system' was prepared by:/यह अक्सर स्वीकार किया गया है कि 'दहसाला पद्धति' किसके द्वारा तैयार की गई थी–**
(a) Muzaffar Khan/मुजफ्फर खाँ द्वारा
(b) Birbal/बीरबल द्वारा
(c) Todar Mal/टोडरमल द्वारा
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (c) :** बादशाह अकबर ने अपने शासनकाल के 24वें वर्ष में आइन-ए-दहसाला पद्धति अथवा दस वर्षीय बन्दोबस्त लागू किया था। इस प्रणाली का प्रणेता (तैयार करने वाला) टोडरमल था। लेकिन इसको लागू करने की जिम्मेदारी शाह मंसूर की थी। इस पद्धति को जब्ती या टोडरमल बन्दोबस्त भी कहा जाता था। इस प्रणाली के अन्तर्गत कर की अदायगी नगद रूप में करनी पड़ती थी इसलिए यह प्रणाली नगदी भी कहलाती थी।

**95. Akbar divided his entire empire into many.**
**अकबर ने अपने समस्त साम्राज्य को अनेकों में बाँटा हुआ था–**
(a) Shiqs/शिकों
(b) Parganas/परगनों
(c) Dasturs/दस्तूरों
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (e) :** प्रशासन की सुविधा के लिए सर्वप्रथम मुगल बादशाह अकबर ने अपने शासन काल के 24वें वर्ष अर्थात् 1580 ई. में सम्पूर्ण साम्राज्य को बारह प्रान्तों (सूबों) में विभाजित किया था। दक्षिण में बरार, खानदेश एवं अहमदनगर की विजय के बाद सूबों की संख्या अकबर के शासनकाल के अंत में 15 हो गयी थी। अबुल फजल ने आइन-ए-अकबरी में केवल 12 सूबों का वर्णन किया है।

**96. The battle of Buxar completed the work of the:/बक्सर के युद्ध ने कार्य को पूरा किया–**

(a) Battle of Assaye/असाये के युद्ध का
(b) Battle of Plassey/प्लासी के युद्ध का
(c) Battle of Argaon/अरगावों के युद्ध का
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (b) :** बक्सर के युद्ध ने प्लासी के युद्ध का कार्य पूरा किया था। प्लासी का युद्ध 23 जून 1757 ई. को क्लाइव एवं नवाब सिराजुददौला के बीच हुआ था जिसमें अंग्रेजों की विजय एवं नवाब को पराजय का सामना करना पड़ा। इसके बाद अक्टूबर 1764 को बक्सर (बिहार) का युद्ध हुआ जिसमें अंग्रेजो की विजय हुई। बक्सर का युद्ध प्लासी के युद्ध से अधिक महत्वपूर्ण था व बक्सर के युद्ध ने प्लासी के निर्णय पर मोहर लगा दी।
**नोट**- जदुनाथ सरकार के अनुसार ''प्लासी का युद्ध एक धोखा था जबकि बक्सर का युद्ध अंग्रेजों के रण कौशल की जीत थी, जिसके दम पर बंगाल, अवध एवं मुगल बादशाह को अपने पैरो पर ला पटका''।

**97. When did clive return to Bengal as its Governor?/क्लाइव बंगाल कब वापस इसके गवर्नर के रूप में लौटा?**

(a) 1765
(b) 1764
(c) 1766
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (a) :** मई 1765 ई. वेन्सिटार्ट के स्थान पर क्वाइव दूसरी बार बंगाल का गवर्नर बन कर आया पहली बार क्लाइव बंगाल के गवर्नर के रूप में 1757 में भारत आया था। 12 अगस्त 1765 ई. को ही क्लाइव ने मुगल बादशाह शाह आलम से इलाहाबाद की पहली सन्धि की।

**98. The treaty of Allahabad took place in : इलाहाबाद की संधि हुई–**

(a) 1765
(b) 1764
(c) 1966
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (a) :** इलाहाबाद की सन्धि 1765 ई. में हुई थी। 12 अगस्त 1765 ई. को बंगाल के गर्वनर क्लाइव ने मुगल बादशाह से इलाहाबाद की पहली सन्धि की थी जबकि 16 अगस्त 1765 ई. को क्लाइव एवं अवध के नवाब शुजाउद्दौला के मध्य इलाहाबाद की दूसरी सन्धि हुई थी।

**99. The sepoys in the Santhal Pargana shot the first fire at the:/संथाल परगने में सिपाहियों ने पहले गोलाबारी की–**

(a) Officers/अफसरों पर
(b) Peasants/किसानों पर
(c) Princes/राजकुमारों का
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (b) :** संथाल परगने में सिपाहियों ने पहले गोलीबारी किसानों पर की थी। संथाल परगना भारत में ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के खिलाफ सबसे शुरुआती किसान विद्रोहों में से एक था। चार भाइयों सिद्धो, कान्हो, चाँद और भैरव मुर्मु के साथ-साथ बहनों फूलों और झानों के नेतृत्व में संथाल विद्रोह जून 1855 को शुरू हुआ था।

**100. 'The Revolt of 1857 was the Hindu - Muslim conspiracy'. Who wrote it?/'1857 की क्रांति हिंदू-मुस्लिम का षड्यंत्र था।' किसने लिखा?**

(a) Sir John Kaye/सर जॉन काये
(b) Sir James Outram/सर जेम्स आउट्रम
(c) R.C. Majumdar/आर.सी. मजूमदार
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (b) :** 1857 के विद्रोह के सन्दर्भ में सर जेम्स आउट्रम ने लिखा है कि ''1857 की क्रांति हिन्दू-मुस्लिम का षड्यंत्र था'' 1857 की शुरुआत 10 मई 1857 को मेरठ से हुई।
**नोट**- वी.डी सावरकर ने 1857 के विद्रोह को ''भारत का प्रथम स्वतत्रंता सग्राम कहां ''जबकि जान विलियम जाति के मध्य संघर्ष कहा'' है।

**101. 'It was a patriotic act for the emancipation of the country from the foreign rule'. Who wrote it?/'विदेशी राज से देश को मुक्त कराने के लिए यह एक देशभक्ति का कार्य था।' यह किसने लिखा?**

(a) Irfan Habib/इरफान हबीब
(b) Bipan Chandra/विपिन चंद्र
(c) R.S.Sharma/आर.एस. शर्मा
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (b) :** विपिन चंद्र ने लिखा है कि ''विदेशी राज से देश को मुक्त कराने के लिए यह एक देशभक्ति का कार्य था।'' विपिन चंद्र आधुनिक भारत के इतिहासकारों में प्रमुख स्थान रखते है वे स्वतंत्रता संघर्ष और आधुनिक इतिहास लेखन परंपरा में मार्क्सवादी चिंतन धारा के इतिहासकार थे।

**102. Which leader of Bihar actively participated in the Revolt of 1857?/1857 की क्रांति में बिहार के किस नेता ने सक्रिय साझेदारी दिखाई?**

(a) Shahjanand Saraswati/सहजानंद सरस्वती
(b) Raj Kumar Shukla/राजकुमार शुक्ला
(c) Kunwar Singh/कुंवर सिंह

(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक

(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (c) :** 1857 की क्रांति में बिहार के नेता कुंवर सिंह ने सक्रिय साझेदारी निभाई थी। जगदीशपुर (पश्चिमी बिहार) एवं पटना में कुंवर सिंह ने 1857 के विद्रोह का नेतृत्व किया था विद्रोह के समय कुंवर सिंह को बिहार का सिंह कहा गया।

**नोट**- स्वामी सहजानंद सरस्वती (1889-1950) भारत के राष्ट्रवादी एवं स्वतंत्रता सेनानी थे। वहीं राजकुमार शुक्ला (1875-1929) ने चंपारण सत्याग्रह (1917) में गांधीजी को आने के लिए अमंत्रित किया था। यह भी भारत के स्वतंत्रता सेनानी थे।

**103. Who was the President of the Indian National Congress in the session of 1886?/1886 के अधिवेशन में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अध्यक्ष कौन था?**

(a) Dadabhai Naoroji/दादाभाई नौरोजी

(b) Womesh Chandra Bonnerjee/बोमेश चंद्र बनर्जी

(c) Gopal Krishna Gokhale/गोपाल कृष्ण गोखले

(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक

(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (a) :** 1886 के अधिवेशन में (कलकत्ता में) भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का अध्यक्ष दादाभाई नौरोजी थे। भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का प्रथम अधिवेशन 28 दिसम्बर 1885 को बम्बई स्थित गोकुलदास तेजपाल संस्कृत विद्यालय में आयोजित किया गया था तथा इसका पहला अध्यक्ष होने का गौरव व्योमेश चन्द्र बनर्जी को प्राप्त हुआ। 1892 में दादाभाई नौरोजी पहले भारतीय थे जो उदारवादी दल (Liberal Party) की ओर से फिंसबरी (Finsbury) से ब्रिटिश संसद के सदस्य चुने गये। दादाभाई नौरोजी 1893 और 1906 में भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस के अध्यक्ष भी रहे। गोपाल कृष्ण गोखले ने 1905 में बनारस में काँग्रेस अधिवेशन की अध्यक्षता की थी।

**104. The main demands of the moderate leaders of the congress were/काँग्रेस के उदारवादी नेताओं की मुख्य माँगें थीं–**

(a) Introduction of elective principle in legislatures/विधान परिषदों में चुनावी सिद्धांत के प्रारंभ

(b) Administrative reforms/प्रशासनिक सुधार

(c) Loyalist Character/निष्ठावान चरित्र

(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक

(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (d) :** काँग्रेस के उदारवादी नेताओं की मुख्य माँगे विधान परिषदों में चुनावी सिद्धांत का प्रारम्भ, प्रशासनिक सुधार और निष्ठावान चरित्र था। दादाभाई नौरोजी, सर फीरोजशाह मेहता, सर दीनशा वाचा, गोपाल कृष्ण गोखले, सुरेन्द्रनाथ बनर्जी जैसे- लोग समकालीन भारतीय समाज के सबसे अधिक प्रगतिवादी व्यक्ति और सच्चे देशभक्त थे। ये भारतीय समाज को सुधारने का भरसक प्रयत्न करते रहे। इन लोगों ने 1886 में एक लोक सेवा आयोग (Public Service Commission) नियुक्त करवाया और 1892 में भारतीय परिषदों का अधिनियम (Indian Councils Act) पारित करवाया। दोनों से ही लोगों में निराशा हुई तथा मूलभूत संविधान में कोई परिवर्तन नहीं हुआ। उन्होंने जनपद सेवा (I.C.S.) के लिए इंग्लैण्ड तथा भारत में एक ही समय में परीक्षा कराने की माँग की। सरकार ने उनके अनुरोध पर भारतीय व्यय की समीक्षा के लिए वेल्बी आयोग (Welby Commission) भी नियुक्त किया।

**105. Who wrote 'India Divided'a book, in 1947?
1947 में 'इंडिया डिवाइडेड', एक पुस्तक किसने लिखी?**

(a) Pendrel Moon/पैन्ड्रेल मून

(b) B.G..Tilak/बी.जी. तिलक

(c) Rajendra Prasad/राजेंद्र प्रसाद

(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक

(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (c) :** 1947 में इंडिया डिवाइडेड' पुस्तक राजेन्द्र प्रसाद ने लिखी। यह किताब देश के बंटवारे का विरोध करने के लिए लिखी गई थी। राजेन्द्र प्रसाद 1950 से 1962 तक सेवारत भारत के पहले राष्ट्रपति थे। ये एक वकील, विद्वान और राजनीतिज्ञ भी थे। वर्ष 1920 के दशक के आरंभिक वर्षों में उन्होंने हिन्दी साप्ताहिक 'देश' और अंग्रेजी पाक्षिक 'सर्चलाइट' का सम्पादन किया। राजेन्द्र प्रसाद ने 'एट द फीट ऑफ महात्मा गांधी' सहित कई पुस्तकें भी लिखीं।

**106. Who started 'Kesari' a newspaper in Marathi?/मराठी में 'केसरी', एक समाचार-पत्र किसने प्रारंभ किया था?**

(a) M.G. Ranade/एम.जी. रानाडे

(b) N.C.Kelkar/एन.सी. केलकर

(c) B.G..Tilak/बी.जी. तिलक

(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक

(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (c) :** मराठी में 'केसरी' समाचार-पत्र बी.जी.तिलक (बाल गंगाधर तिलक) ने प्रारम्भ किया था। तिलक को लोग प्रायः 'लोकमान्य' और भारत का 'बेताज बादशाह' कहते थे। तिलक प्रथम राष्ट्रवादी नेता थे जिन्होंने जनता से निकट सम्बन्ध स्थापित करने का प्रयत्न किया और इस दृष्टि से वह महात्मा गांधी के अग्रगामी थे। इस उद्देश्य से उन्होंने अखाड़े, लाठी क्लब तथा गौ-हत्या विरोधी सभाएं स्थापित की। शिवाजी और गणपति त्यौहार आरम्भ किए ताकि जनता में राष्ट्रसेवा की भावना जागे। तिलक ने अंग्रेजी में 'मराठा' समाचार पत्र भी निकाला था।

**107. Who were greatly influenced by the emergence of Irish Home rule movement in India?/भारत में आयरलैंड के होमरूल आंदोलन के उदय से कौन सबसे ज्यादा प्रभावित थे?**

(a) B.G.Tilak/बी.जी. तिलक

(b) Annie Besant/एनी बेसेंट

(c) N.C.Kelkar/एन.सी. केलकर

(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक

(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (b) :** भारत मे आयरलैण्ड के होमरूल आंदोलन के उदय से एनी बेसेंट सबसे ज्यादा प्रभावित थी। स्वशासन आंदोलन की व्याख्या जनवरी 1914 को अपने पत्र 'कॉमनवील' में एनी बेसेंट ने किया था। बालगंगाधर तिलक द्वारा अप्रैल 1916 को पूना में होमरुल लीग की स्थापना की। इसी प्रकार एनी बेसेंट ने भी एक होमरूल की स्थापना सितम्बर 1916 को मद्रास में की। तिलक की लीग का प्रभाव कर्नाटक, महाराष्ट्र (बम्बई छोड़कर), मध्य प्रांत एवं बरार तक फैला था जबकि इसके प्रभाव क्षेत्र के बाहर के सभी हिस्सों में लीग का प्रभाव फैलाने की जिम्मेदारी श्रीमती एनी बेसेंट थी और उनकी लीग के सचिव जॉर्ज अरुंडेल ने की थी। होमरूल लीग के सर्वाधिक कार्यालय मद्रास में थे।

**108. Split took place in the Indian National Congress at the :/भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में किस स्थान पर फूट पड़ी थी?**

(a) Calcutta session in 1906
1906 में कलकत्ता अधिवेशन
(b) Surat session in 1907/1907 में सूरत अधिवेशन
(c) Madras session in 1908
1908 में मद्रास अधिवेशन
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (b) :** भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस में 1907 में सूरत अधिवेशन के समय फूट पड़ी थी। इस अधिवेशन में उदारवादियों और उग्रवादियों में अध्यक्ष के पद को लेकर काँग्रेस का विभाजन हो गया। उग्रपंथी या उग्रवादी जहाँ लाला लाजपत राय को काँग्रेस के सूरत अधिवेशन का अध्यक्ष बनाना चाहते थे, वहीं उदारवादी रास बिहारी घोष को कांग्रेस का अध्यक्ष बनाना चाहते थे। अंततः रास बिहारी घोष अध्यक्ष बनने में सफल हुए। इसी अधिवेशन में स्वदेशी, बहिष्कार, राष्ट्रीय शिक्षा और स्वशासन के प्रयोग को लेकर विवाद हुआ था।

**109. Who dominated the Indian Politics during 1919-1947? /1919-1947 के दौरान भारतीय राजनीति पर किसका आधिपत्य रहा?**

(a) Jawaharlal Nehru/जवाहरलाल नेहरू
(b) B.G . Tilak/बी.जी. तिलक
(c) Subhas Chandra Bose/सुभाषचंद्र बोस
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (e) :** 1919-1947 के दौरान भारतीय राजनीति पर गांधी जी का आधिपत्य था, इसी कारण इसे गांधीवादी युग कहा जाता है। प्रथम विश्व युद्ध के बाद उत्पन्न परिस्थितियों ने राष्ट्रीय आन्दोलन में गांधीवादी चरण के लिए पृष्ठभूमि तैयार की, इस पृष्ठभूमि के लिए चंपारण, खेड़ा सत्याग्रह, अहमदाबाद श्रमिक आन्दोलन, रौलेट सत्याग्रह, असहयोग आन्दोलन, सविनय अवज्ञा आन्दोलन, व्यक्तिगत सत्याग्रह, भारत छोड़ो आन्दोलन इत्यादि कारण थे।

**110. Which significant drive was going on without interruptions between the years 1914-1923/भारत में 1914-1923 के वर्षों के मध्य बिना किसी रुकावटों के महत्वपूर्ण दौड़ चल रही थी?**

(a) Congress agitations/काँग्रेस आंदोलन
(b) Home Rule League's activities
होम रूल लीग की गतिविधियाँ
(c) Forced recruitment to army
सेना में बलपूर्वक भर्ती
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (a) :** भारत में 1914-1923 के वर्षों के मध्य काँग्रेस आंदोलन बिना किसी रुकावटों के महत्वपूर्ण दौड़ चल रही थी। भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस की स्थापना 1885 में हुई थी। राष्ट्रीय आंदोलनों में इसने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई तथा इसके माध्यम से काँग्रेस आंदोलन चलता रहा। काँग्रेस आंदोलन ने प्रथम विश्वयुद्ध में भारतीयों को सेना में जबरन भर्ती किये जाने पर अंग्रेजों का विरोध किया। 1916 में कांग्रेस में नरम एवं गरम दल तथा मुस्लिम लीग से समझौता हुआ। 1916 में होमरूल ने अपनी माँगों को आगे बढ़ाया तथ लगभग 1918 तक यह शिथिल पड़ गया। कांग्रेस ने चंपारण, अहमदाबाद मिल, खेड़ा के माध्यम तथा रौलेट एक्ट के विरुद्ध आंदोलन चलाया। इसने खिलाफत और असहयोग आंदोलन को व्यापक स्वरूप प्रदान किया।

**111. Who saved the Sabarmati Ashram from extinction by a generous donation?/एक प्रचुर चंदे के द्वारा साबरमती आश्रम को खंडित होने से किसने बचाया था?**

(a) Ambalal Sarabhai/अम्बालाल साराभाई
(b) G . D. Birla/जी.डी. बिड़ला
(c) Jamnalal Bajaj/जमनालाल बजाज
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (a) :** एक प्रचुर चंदे के द्वारा साबरमती आश्रम को खण्डित होने से अम्बालाल साराभाई ने बचाया था। आश्रम में सभी लोग एक परिवार की तरह रहते थे। इसका संचालन लोगों द्वारा दिए गए दान से होता था। गाँधी जी ने अमृतलाला ठक्कर की सिफारिश पर एक हरिजन परिवार के दुधाभाई, उनकी पत्नी और पुत्री लक्ष्मी को आश्रम में रहने के लिए बुला लिया, जिससे नाराज होकर गाँधी जी की बहन रलियात बेन आश्रम छोड़कर चली गई। उनके जाने के बाद लोगों ने चंदा देना बंद कर दिया किन्तु कुछ दिनों बाद अम्बालाल साराभाई ने 13000 रुपए का दान देकर आश्रम को बचाया था।

**112. "The Congress is tottering to its fall and one of my great ambitions while in India is to assist it to a peaceful demise". Who said it?**
**''काँग्रेस अपने पतन के लिए लड़खड़ा रही है और मेरी भारत में एक बड़ी आशा यह रहेगी कि मैं इसके शांतिपूर्ण मृत्यु में सहयोग दूँ।'' यह किसने कहा?**

(a) Lord Lytton/लॉर्ड लिटन
(b) Lord Dufferin/लॉर्ड डफरिन
(c) Lord Curzon/लॉर्ड कर्जन
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (c) :** वायसराय लॉर्ड कर्जन के अनुसार ''काँग्रेस अपने पतन के लिए लड़खड़ा रही है और मेरी भारत में एक बड़ी अभिलाषा यह रहेगी कि मैं इसके शांतिपूर्ण मृत्यु में सहयोग दू।'' लॉर्ड डफरिन ने काँग्रेस की निन्दा की और उसे अल्पसंख्यक लोगों की संस्था कहा। उसकी माँगों को अज्ञात में छलांग लगाने से तुलना की गई। लॉर्ड कर्जन के समय सरकारी अधिकारियों एवं नौकरों को काँग्रेस में शामिल होने या उससे सम्पर्क रखने पर रोक लगा दिया गया था।

**113. Gandhiji entered into the Congress politics by attending the session of the congress at:/कहाँ पर काँग्रेस अधिवेशन में उपस्थित होकर काँग्रेस की राजनीति में गाँधीजी ने प्रवेश किया था?**

(a) Bombay in 1918/1918 में बंबई
(b) Amritsar in 1919/1919 में अमृतसर
(c) Delhi in 1918/1918 में दिल्ली
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (b) :** महात्मा गाँधी काँग्रेस पार्टी के 1901 के कलकत्ता अधिवेशन में पहली बार शामिल हुए थे। दक्षिण अफ्रीका से लौटने के पश्चात गाँधी जी 1916 के लखनऊ काँग्रेस अधिवेशन में भाग लिया था, किन्तु अब तक उन्होंने काँग्रेस की राजनीति में प्रवेश नहीं किया था। जलियाँवाला बाग हत्या काण्ड की निंदा काँग्रेस के अमृतसर अधिवेशन (1919) में किया गया था। अमृतसर अधिवेशन में उपस्थित होकर गाँधी जी ने काँग्रेस की राजनीति में प्रवेश किया था।

**114. Which event deeply shocked and hurt the Indians in April 1919?/अप्रैल, 1919 में किस घटना से भारतीयों को गहरा सदमा और चोट पहुँची थी?**

(a) Montagu-chelimsford reform proposals
मांटेग्यू-चेम्सफोर्ड सुधार प्रस्ताव
(b) Rowlatt Act/रॉलेट अधिनियम
(c) Jallianwala Bagh Tragedy
जालियाँवाला बाग दुर्घटना
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (c) :** फरवरी, 1919 में रॉलेट कानून पास होने के विरोध में गाँधी जी ने सत्याग्रह का आयोजन का प्रस्ताव रखा था। 6 अप्रैल 1919 को अहिंसक विरोध दिवस के रूप में 'अपमान व याचना' दिवस के रूप में मनाने तथा हड़तालें आयोजित करने का आह्वान किया गया। अप्रैल 1919 में देश के विभिन्न स्थानों पर जब जुलूस निकाले जा रहे थे तब 13 अप्रैल के दिन जलियाँवाला बाग नामक स्थान पर एकत्रित हुए लोंगों पर जनरल डायर ने गोलियाँ चलवा दिया, जिससे बहुसंख्यक लोग मारे गए। इस घटना से भारतीयों को गहरा सदमा और चोट पहुँची। रवीन्द्रनाथ टैगोर ने अपनी पीड़ा और गुस्सा जताते हुए 'नाइटहुड' की उपाधि वापस कर दिया।

**115. Where did the angry crowd attacked and burnt the police station causing the death of 22 policemen?/कहाँ पर क्रौधित भीड़ ने पुलिस स्टेशन पर आक्रमण किया और जला दिया गया जिससे 23 पुलिसवालों की मौत हो गई थी?**

(a) Ferozabad/फिरोजाबाद
(b) Allahabad/इलाहाबाद
(c) Lucknow/लखनऊ
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (e) :** असहयोग आन्दोलन के दौरान फरवरी 1922 में चौरी-चौरा (गोरखपुर उत्तर प्रदेश) नामक स्थान पर किसानों की एक भीड़ ने पुलिस थाने पर आक्रमण कर दिया और आग लगा दी, जिसमें 23 पुलिसकर्मी जलकर मर गए। इस घटना के कारण गाँधी जी ने असहयोग आंदोलन वापस ले लिया था।

**116. Who was the Political Guru of Mahatma Gandhi?/महात्मा गाँधी के राजनीतिक गुरु कौन थे?**

(a) Gopal Krishna Gokhale/गोपाल कृष्ण गोखले
(b) M.G. Ranade/एम.जी. रानाडे
(c) Rabindra Nath Tagore/रविंद्रनाथ टैगोर
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (a) :** महात्मा गाँधी के राजनीतिक गुरु गोपाल कृष्ण गोखले थे। 1915 में दक्षिण अफ्रीका से वापस लौटने पर गाँधी जी ने अपने गुरु गोपाल कृष्ण गोखले की सलाह पर पूरे भारत का सर्वप्रथम दौरा किया। इस दौरान उन्होंने लोगों की जरुरतों और हालात को समझा। उनके प्रारम्भिक प्रयास चम्पारण, अहमदबाद और खेड़ा के स्थानीय आंदोलन के रूप सामने आए। इन आंदोलन की सफलता के पश्चात गाँधी जी का उदय भारतीय राजनीति में हुआ।

**117. The withdrawal of the Non-Cooperation movement was bitterly resented by many. असहयोग आंदोलन को वापस लेने को अनेकों के द्वारा कटु विरोध किया था–**

(a) Congress-leaders/काँग्रेस नेताओं
(b) British bureaucrats/ब्रिटिश नौकरशाहों
(c) Indian liberal leaders/भारतीय उदारवादी नेताओं
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (a) :** 1922 में चौरी-चौरा काण्ड के कारण गाँधी जी ने असहयसोग आंदोलन वापस ले लिया। गाँधी जी का मानना था कि असहयोग आंदोलन यदि स्थगित नहीं किया गया तो वह और अधिक हिंसक हो जायेगा। अतः असहयोग आंदोलन स्थगित किए जाने का विरोध काँग्रेसी नेताओं जैसे (सी. आर. दास., मोतीलाल नेहरु आदि) ने किया था। मार्च 1922 में गाँधी जी पर राजद्रोह का आरोप लगाकर जेल में डाल दिया गया था।

**118. How many rupees were collected for the Tilak Swaraj Fund?/तिलक स्वराज्य निधि के लिए कितने रुपये एकत्रित किए गए थे?**

(a) 90 Lakhs/90 लाख
(b) 50 Lakhs/50 लाख
(c) 99 Lakhs/99 लाख
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (e) :** 1921 में तिलक स्वराज कोष के लिए एकत्रित 1 करोड़ रु. की धनराशि में 31.7 लाख रु. बम्बई में एकत्र हुआ था। लाला लाजपत राय ने पंजाब में घूम-घूमकर नौ लाख रु. एकत्रित किए थे। अन्य राशि विभिन्न उद्योगपतियों, काँग्रेसी नेताओं एवं सामान्य जनता ने तिलक स्वराज कोष में जमा किया था।

**119. Who was the President of the Swaraj Party in 1923?/1923 में स्वराज्य दल का अध्यक्ष कौन था?**

(a) C.R.Das/सी.आर. दास
(b) Motilal Nehru/मोतीलाल नेहरू
(c) Rajendra Prasad/राजेंद्र प्रसाद
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (a) :** असहयोग आंदोलन स्थगित होने के पश्चात सी.आर.दास (चितरंजन दास) तथा मोतीलाल नेहरु ने 1923 में स्वराज दल का गठन किया था। इसके अध्यक्ष चितरंजन दास थे तथा महासचिव मोतीलाल नेहरु थे। इसका मुख्य उद्देश्य विधानसभा में प्रवेश कर भारतीय समस्याओं को ब्रिटिश सरकार के समक्ष उजागर करना था।

**120. Which party became the constitutionalist party of Indian leaders?/भारतीय नेताओं की कौन-सी पार्टी संवैधानिक पार्टी बनी?**

(a) Indian National Congress/भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस
(b) Indian Liberal Federation/भारतीय उदारवादी संघ
(c) Swaraj Party/स्वराज्य दल
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (d) :** भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस (1885 में स्थापित), भारतीय उदारवादी संघ (1919 में स्थापित) स्वराज्य दल (1923 में स्थापित) आदि संवैधानिक पार्टी थी। 1923 के चुनाव में जहाँ एक तरफ भारतीय उदारवादी संघ पराजित होती है, वहीं स्वराज्य दल 101 निर्वाचित सीटों में से 42 सीटें जीतकर एक बड़े दल के रूप में उभरी। 1937 के चुनाव में काँग्रेस सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। भारत छोड़ों आंदोलन के समय वायसराय ने काँग्रेस को असंवैधानिक संस्था घोषित कर दिया था।

**121. Simon Commission came to India in**
**साइमन कमीशन भारत में आया–**

(a) 1928
(b) 1927
(c) 1929
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (a) :** साइमन कमीशन 1927 में भारत में संवैधानिक सुधारों के अध्ययन के लिए गठित किया गया था। यह सात ब्रिटिश सांसदों का एक समूह था, जिसके अध्यक्ष सर जॉन साइमन थे। साइमन कमीशन भारत 3फरवरी 1928 को पहुँचा था। इसने उत्तरदायी शासन तथा भारत में एक संघ की स्थापना पर अपना सुझाव दिया था।

**122. Which event was known as the 'Muslim War of National Independence'?/किस घटना को 'राष्ट्रीय स्वतंत्रता का मुस्लिम युद्ध' माना जाता है?**

(a) Khilafat movement/खिलाफत आंदोलन
(b) Aligarh movement/अलीगढ़ आंदोलन
(c) Wahabi movement/वहाबी आंदोलन
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (c) :** वहाबी आंदोलन को 'राष्ट्रीय स्वतंत्रता का मुस्लिम युद्ध' कहा जाता है। अरब क्षेत्र में इसके संस्थापक मुहम्मद इब्न अब्दुल वहाब थे। भारत में वहाबी आंदोलन के प्रमुख नेता शाह वलीउल्लाह थे लेकिन इस आंदोलन के संस्थापक सैयद अहमद बरेलवी को माना जाता है। इसका मुख्य केंद्र पटना था। वहाबी आंदोलन का प्रारम्भ मुस्लिमों में सामाजिक सुधारों के लिए हुआ था, किन्तु बाद में यह राजनीतिक एवं आर्थिक क्षेत्रों में भी सुधार की माँग करने लगा था।

**123. Besides, Gandhi also provided the congress with a comprehensive programme of :**
**इसके अतिरिक्त, गाँधी ने कांग्रेस को एक व्यापक कार्यक्रम प्रदान किया–**

(a) Constructive Work/रचनात्मक कार्य
(b) Classless Indian Society/वर्गहीन भारतीय समाज
(c) Cleanliness/स्वच्छता
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (e) :** गाँधी जी ने काँग्रेस को एक व्यापक कार्यक्रम प्रदान किया था जिसे 'रचनात्मक कार्यक्रम' कहा जाता है। इसके अंतर्गत साम्प्रदायिक एकता को बढ़ावा देना, जातीय विषमता को दूर करना, खादी और ग्रामोद्योग के माध्यम से आर्थिक आत्मनिर्भरता, शैक्षिक सुधार, सफाई और स्वच्छता आदि शामिल थे।

**124. The resolution of complete independence was passed at Lahore in the:/लाहौर में पूर्ण स्वतंत्रता का प्रस्ताव पास किया गया–**

(a) Congress session of 1928
1928 के काँग्रेस अधिवेशन
(b) Congress session of 1929
1929 के काँग्रेस अधिवेशन
(c) Congress session of 1930
1930 के काँग्रेस अधिवेशन
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (b) :** 1929 में आयोजित काँग्रेस के लाहौर अधिवेशन में 'पूर्ण स्वराज (पूर्ण स्वतंत्रता)' का प्रस्ताव पारित किया गया तथा 26 जनवरी 1930 को 'स्वतंत्रता दिवस' के रूप में मनाने की घोषणा की गई। इस अधिवेशन की अध्यक्षता पं. जवाहरलाल नेहरु कर रहे थे।

**125. When did Gandhiji start the Civil Disobedience movement with his famous Dandi March?**
**अपने प्रसिद्ध डांडी मार्च के साथ गाँधीजी ने कब सविनय अवज्ञा आंदोलन प्रारंभ किया?**

(a) 11 March,1930/11 मार्च, 1930
(b) 10 March,1930/10 मार्च, 1930
(c) 12 March,1930/12 मार्च, 1930

(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक

(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (e) :** 12 मार्च 1930 को गाँधीजी ने साबरमती आश्रम से नमक सत्याग्रह शुरू किया। 6 अप्रैल 1930 को डांडी पहुँचे और नमक बनाकर कानून का उल्लंघन किया। यही से सविनय अवज्ञा आंदोलन शुरू होता है।

**126. Which Round Table conference in London was attended by Gandhiji?/लंदन में किस गोलमेज सम्मेलन में गाँधीजी के द्वारा भाग लिया गया?**

(a) Second Round Table conference
द्वितीय गोलमेज सम्मेलन

(b) First Round Table conference
प्रथम गोलमेज सम्मेलन

(c) Third Round Table conference
तृतीय गोलमेज सम्मेलन

(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक

(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (a) :** लन्दन में आयोजित द्वितीय गोलमेज सम्मेलन (7 सितम्बर, 1931 से 1 दिसम्बर, 1931) में काँग्रेस के प्रतिनिधि के रूप में गाँधी जी ने भाग लिया था। इस सम्मेलन में महिलाओं का नेतृत्व एनी बेसेंट ने किया था। यह सम्मेलन साम्प्रदायिक समस्या का समाधान नही होने के कारण असफल रहा। सम्मेलन की असफलता के पश्चात गाँधी जी ने पुनः सविनय अवज्ञा आंदोलन शुरू कर दिया।

**127. How many number of people went to jail during the Civil Disobedience movement, 1930-31?/1930-31 के सविनय अवज्ञा आंदोलन के दौरान कितनी संख्या में लोग जेल गए?**

(a) 85,000

(b) 80,000

(c) 90,000

(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक

(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (c) :** मार्च 1931 में गाँधी-इरविन समझौते पर हस्ताक्षर होने के साथ ही सविनय अवज्ञा आंदोलन स्थगित कर दिया गया। जब आंदोलन अपने चरमोत्कर्ष पर था, उस समय नेहरु के आकलन के अनुसार 90,000 से अधिक व्यक्ति जेल जा चुके थे।

**128. Who boldly opined "that Mr. Gandhi as a political leader has failed"?/किसने निर्भीकता से कहा कि ''एक राजनीतिक नेता के रूप में मि. गाँधी असफल रहे?''**

(a) Subhas Chandra Bose/सुभाषचंद्र बोस

(b) Jawaharlal Nehru/जवाहरलाल नेहरू

(c) Rajendra Prasad/राजेंद्र प्रसाद

(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक

(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (a) :** सविनय अवज्ञा आंदोलन के दौरान गाँधी जी ने वायसराय से सब अध्यादेश हटाने और बंदी बनाए गए सभी राजनीतिक कैदियों की रिहाई की अपील की, किन्तु सरकार ने अपील नामंजूर की दी। इस सन्दर्भ में सुभाष चन्द्र बोस ने वक्तव्य दिया कि, मिस्टर गाँधी का सिविल अवज्ञा निलम्बन का नवीनतम कार्य उनकी असफलता की स्वीकृति है। हमारा स्पष्ट मत है कि राजनीतिक नेता के रूप में मिस्टर गाँधी असफल रहे।

**129. In which two Provinces, Muslim League failed to get majority despite the muslim majority provinces?/किन दो प्रांतों में मुस्लिम लीग बहुमत प्राप्त करने में असफल रही, जबकि वे मुस्लिम बाहुल्य प्रांत थे?**

(a) Bengal and united provinces
बंगाल और संयुक्त प्रांत

(b) Bengal and Punjab/बंगाल और पंजाब

(c) Punjab and central provinces
पंजाब और केंद्रीय प्रांत

(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक

(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (b) :** 1935 के भारत सरकार अधिनियम के अधीन पहला चुनाव 1937 में हुआ था। मुसलमानों के 485 आरक्षित स्थानों में से केवल 110 सीट पर ही लीग जीत सकी। मुस्लिम बहुसंख्यक प्रांतों, पंजाब, उत्तर-पश्चिम सीमा प्रान्त, बंगाल और सिंध में लीग को अन्य मुस्लिम दलों ने पछाड़ दिया अर्थात मुस्लिम लीग इन प्रांतो में बहुमत प्राप्त करने में असफल रही।

**130. The slogan 'Do or Die' was given by :
'करो या मरो' का नारा किसके द्वारा दिया गया?**

(a) Subhas Chandra Bose/सुभाषचंद्र बोस

(b) Sardar Patel/सरदार पटेल

(c) Mahatma Gandhi/महात्मा गाँधी

(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक

(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (c) :** जवाहर लाल नेहरू द्वारा प्रस्तावित भारत छोड़ों आंदोलन के प्रस्ताव को 8 अगस्त 1942 को बम्बई के ग्वालिया टैंक में आयोजित काँग्रेस के अधिवेशन में स्वीकार कर लिया गया इस दौरान गाँधी जी ने लोगों को देश की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष करने का आह्वान किया तथा लोगों को 'करो या मरो' का नारा दिया, इस नारे के साथ ही 9 अगस्त 1942 को भारत छोड़ो आंदोलन शुरू हो गया।

**131. Which Commission came to India in March 1946?/मार्च, 1946 में कौन-सा कमीशन भारत आया?**

(a) Cabinet Commission/कैबिनेट मिशन

(b) Cripps Mission/क्रिप्स मिशन

(c) Simon Commision/साइमन कमीसन

(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक

(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (a) :** मार्च 1946 में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री एटली ने भारत में तीन सदस्यीय (लॉर्ड पेथिक लारेंस अध्यक्ष, सर स्टेफर्ड क्रिप्स तथा ए. वी. एलेक्जेंडर- सदस्य) उच्च स्तरीय शिष्टमण्डल (कैबिनेट मिशन) भारत भेजा था। इसका मुख्य कार्य भारत में शांतिपूर्ण सत्ता हस्तांतरण करना था।

**132. Who gave a call of the Direct Action Day to achieve Pakistan?/पाकिस्तान प्राप्ति के लिए किसने प्रत्यक्ष कार्य दिवस का आह्वान किया था?**

(a) M.A.Jinnah/एम.ए. जिन्नाह
(b) Gandhiji/गांधीजी
(c) Ali-Brothers/अली बंधु
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (a) :** मुस्लिम लीग ने जिन्नाह के नेतृत्व में 16 अगस्त 1946 को प्रत्यक्ष कार्यवाही दिवस घोषित किया। इसका मुख्य उद्देश्य मुस्लिम बहुमत के साथ एक अलग देश के रूप में पाकिस्तान की माँग करना था।

**133. Who announced the British Government's acceptance of the principle of Partition?**
**विभाजन के सिद्धांत की ब्रिटिश सरकार की सहमति की घोषणा किसने की थी?**

(a) Pethick Lawrence/पैथिक लॉरेंस
(b) Sir Stafford Cripps/सर स्टेफोर्ड क्रिप्स
(c) Mountbatten/माउंटबेटन
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (c) :** विभाजन के सिद्धांत की ब्रिटिश सरकार की सहमति की घोषणा माउंटबेटन ने किया था। माउंटबेटन द्वारा 3 जून 1947 को भारत विभाजन की योजना जारी की गई। इस योजना को माउंटबेटन योजना कहते है। माउंटबेटन योजना के अनुसार ब्रिटिश भारत को दो स्वतंत्र उपनिवेश भारत और पाकिस्तान में विभाजित किया जाना था।

**134. India Independence Act was passed by the British Government in its Parliament on**
**ब्रिटिश सरकार ने अपनी संसद में भारत स्वतंत्रता अधिनियम पास किया था?**

(a) 19 July, 1947/19 जुलाई, 1947
(b) 18 July, 1947/18 जुलाई, 1947
(c) 17 July, 1947/17 जुलाई, 1947
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (b) :** ब्रिटिश प्रधानमंत्री एटली ने माउंटबेटन योजना को विधेयक के रूप में 15 जुलाई 1947 को कॉमन सभा में पेश किया तथा 16 जुलाई को लॉर्डस सभा में प्रस्तुत किया गया। यहाँ से पारित होने के बाद 18 जुलाई 1947 को यह विधेयक भारतीय स्वतंत्रता विधेयक के नाम से जाना गया।

**135. The oldest surviving texts in the Indian subcontinent are the:/भारतीय उप-महाद्वीप में प्राचीनतम अभी तक विद्यमान पाठ्य-पुस्तक हैं–**

(a) Vedas/वेद
(b) Puranas/पुराण
(c) Shrutis/श्रुतियाँ
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (a) :** वेद भारतीय उप-महाद्वीप में अभी तक विद्यमान पाठ्य पुस्तको में प्राचीनतम ग्रंथ है। वेद प्राचीन भारत के पवित्र साहित्य ग्रंथ है, जो हिन्दुओं के प्राचीनतम और आधार भूत धर्मग्रंथ भी है। वेदों में ऋग्वेद सबसे प्राचीन ग्रंथ है। यह एक संहिता है जिसमें 10 मण्डल है व 1028 सूक्त है। ऋग्वेद की तिथि के विषय में भी काफी मतभेद है। मैक्समूलर ई. पू. 1200 से 1000 इसकी तिथि मानते है जबकि जैकोबी ने इसका रचना काल तृतीय सहस्त्राब्दी बताया है। कई मतों पर विचार करने के उपरांत हम सामान्यतः ऋग्वेद को ई.पू. 1500 से 1000 ई.पू. के बीच का मान सकते हैं।

**136. Many important rivers of India like the Indus, the Ganges and others rise from the/भारत की कई महत्वपूर्ण नदियाँ जैसे सिंधु, गंगा और अन्य कई निकलती हैं–**

(a) Shivalik-hills/शिवालिक पर्वत
(b) Aravali-hills/अरावली पर्वत
(c) Himalayas/हिमालय
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans.( d):** भारत की कई महत्वपूर्ण नदियाँ जैसे सिन्धु, गंगा और अन्य कई नदियाँ हिमालय (शिवालिक पर्वत) से निकलती। हिमालय की नदियों को तीन प्रमुख नदी-तंत्रो में विभाजित किया गया है। जिसमें सिन्धु नदी तंत्र, गंगा नदी-तंत्र तथा ब्रह्मपुत्र नदी तंत्र। इन तीनों नदी तंत्रों का विकास एक अत्यंत विशाल नदी से हुआ जिसे ''शिवालिक'' या हिन्द ब्रह्म नदी भी कहा जाता है।

**137. In the construction of their houses,the Indus Valley people used./अपने घर बनाने के लिए सिंधु घाटी के लोग प्रयोग करते थे–**

(a) Wood/लकड़ी
(b) Sandstone/बलुआ पत्थर
(c) Baked and burnt bricks/पकी हुई और दग्ध ईंटें
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (d) :** सिन्धु घाटी के लोग अपने घरो को बनाने के लिए लकड़ी और पकी हुई दग्ध ईटों का प्रयोग करते थे। सिन्धु घाटी के लोग मकानों की छतें भी लकड़ी से बनाते थे। दरवाजे, खिड़कियाँ आदि को बनाने में लकड़ी ही मुख्य सामाग्री थी। सिन्धु घाटी के लोग मकान, नालियाँ तथा स्नानगृह अच्छी तरह पकाई (दग्ध) ईटों की सहायता से बनाते थे। ईटें चतुर्भुजाकार होती थी। सिन्धु घाटी से प्राप्त सबसे बड़ी ईट 51.43 सेमी. × 26.27. सेमी. के आकार की है। सामान्यतः 27.94 सेमी. × 13.97 सेमी. × 6.35 सेमी. (अनुपात 4:2:1) के आकार की ईटों का प्रयोग किया जाता था।

**138. The causes of the destruction of the Harappan culture were./हड़प्पा संस्कृति के विनाश के कारण थे–**

(a) Heavy floods/महामारी
(b) Pestilence/भारी बाढ़
(c) Attacks by alien people/विदेशी लोगों के आक्रमण
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (d) :** हड़प्पा सभ्यता (संस्कृति) के विनाश के कारणों को लेकर विद्वानों में मतभेद है। गार्डन चाइल्ड, मार्टीमर ह्वीलर, स्टुवर्ट पिग्गट आदि विद्वानों के अनुसार हड़प्पा संस्कृति का विनाश बाह्य आक्रमण के कारण हुआ जबकि प्रसिद्ध भूतत्व वैज्ञानिक एम.आर. साहनी का विचार है कि सैन्धव नगरों का विनाश भारी बाढ़ (जलप्लावन) के कारण हुआ, के. यू. आर. कनेडी ने मोहनज़ोदड़ों से प्राप्त नर कंकालो के परिक्षण करने के पश्चात् यह निष्कर्ष दिया है कि सैन्धव संस्कृति का विनाश मलेरिया, महामारी जैसी प्राकृतिक आपदाओं के कारण हुआ था।

**139. The Harappan culture was the first urban culture of:/हड़प्पा संस्कृति प्रथम शहरी संस्कृति थी–**

(a) South-East Asia/दक्षिण-पूर्व एशिया का
(b) South Asia/दक्षिण एशिया का
(c) South-North Asia/दक्षिण-उत्तरी एशिया का
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (b) :** हड़प्पा संस्कृति दक्षिण एशिया की प्रथम शहरी संस्कृति है। दक्षिण एशिया दुनिया की सबसे महान प्राचीन सभ्यताओं में से एक का केंद्र सिंधु घाटी सभ्यता है जो वर्तमान पाकिस्तान और उत्तर पश्चिमी भारत में स्थिति है। भारतीय इतिहास में नगरों का प्रादुर्भाव सर्वप्रथम सैन्धव सभ्यता में हुआ था। नगर एक ऐसा विशाल जनसमूह होता है जिसकी जीविका प्रधानतः उद्योग धन्धों तथा व्यापार-वाणिज्य पर निर्भर करती है। व्यवसायिक उत्पादनों विनिमय द्वारा ग्रामों से खाद्यान्न प्राप्त होता हैं। हड़प्पा, मोहनज़ोदड़ों, चन्हूदड़ो, लोथल, बनवाली तथा धौलावीरा आदि इस सभ्यता के नगर नियोजन को दर्शाते हैं।

**140. "In the happiness of his subjects lies his happiness, in their welfare his welfare" Who Wrote it?/''अपनी प्रजा की खुशी में ही उसकी खुशी है, उनके हित में उनका हित है।'' यह किसने लिखा?**

(a) Kautilya/कौटिल्य
(b) V.A.Smith/वी.ए. स्मिथ
(c) Banabhatta/बाणभट्ट
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (a) :** ''अपनी प्रजा की खुशी में ही उसकी खुशी है उसके हित में उनका हित है। यह कथन कौटिल्य ने चन्द्रगुप्त मौर्य को प्रजापालन एवं राजा के प्रजा के प्रति व्यवहार के लिए उनके नैतिक आचरण के प्ररिपेक्ष्य में लिखा है। कौटिल्य का मानना था कि राजा को प्रजा को अपनी संतान मानना चाहिए और उनके सुख-दुःख में भागी होना चाहिए।

**141. Buddhist councils were held to:/बौद्धमत की परिषदें आयोजित हुई–**

(a) Have a get-to-gether/आपसी मिलन के लिए
(b) Settle important religious issues
महत्वपूर्ण धार्मिक विषयों के निपटारे के लिए
(c) Compile the canon and settle disputes
बौद्ध ग्रंथों के संकलन और विवादों के निवारण के लिए
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (c) :** बौद्धमत की परिषदों के आयोजन का उद्देश्य बौद्ध ग्रंथो के संकलन और विवादों के निवारण के लिए होता था। महात्मा बुद्ध के परिनिर्वाण के अल्प समय पश्चात से ही उनके उपदेशों को संग्रहित करने व उनका पाठ (वाचन) करने आदि के उद्देश्य से बौद्धमत की परिषदों के आयोजन की परम्परा चल पड़ी। प्रथम बौद्ध संगीति का आयोजन राजगृह, द्वितीय वैशाली, तृतीय पाटलिपुत्र, व चतुर्थ बौद्ध संगीति का आयोजन कुण्डलवन (कश्मीर) में आयोजित की गई थी।

**142. "He had the energy of a Chandragupta, the versatility of a Samudragupta and the catholicity of an Akbar". Who wrote it?/''एक चंद्रगुप्त की शक्ति, एक समुद्रगुप्त की बहुमुखी प्रतिभा और एक अकबर की उदारता उसमें थी।'' यह किसने लिखा?**

(a) V.A. Smith/वी.ए. स्मिथ
(b) Hemachandra Roychaudhary/हेमचंद्र रायचौधरी
(c) James Mill/जेम्स मिल
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (b) :** ''एक चन्द्रगुप्त की शक्ति, एक समुद्रगुप्त की बहुमुखी प्रतिभा और एक अकबर की उदारता उसमें थी। यह कथन प्रसिद्ध इतिहासकार हेमचन्द्र रायचौधरी का है। इस कथन मे चौधरी जी अशोक का मूल्यांकन करते हुए कहा है कि अशोक में इन तीनों महान शासकों के गुण विद्यमान हैं, इसलिए अशोक को महान अशोक के नाम से जाना जाता है।

**143. Who laid the foundation of a city namely, Shrinagar?/श्रीनगर नामक एक शहर की आधारशिला किसने रखी थी?**

(a) Ashoka/अशोक
(b) Chandragupta Maurya/चंद्रगुप्त मौर्य
(c) Bindusara/बिंदुसार
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (a) :** कश्मीर में श्रीनगर नामक शहर की आधारशिला सम्राट अशोक ने रखी थी। अशोक कला व स्थापत्य के क्षेत्र में एक महान निर्माता था। बौद्ध परम्परा उसे 84 हजार स्तूपों के निर्माण का श्रेय प्रदान करती है। उसने कनकमुनि के स्तूप का संवर्धन करवाया था तथा बराबर पहाड़ियों को कटवाकर आजीवकों के लिए गुफाओं का निर्माण करवाया था। अशोक ने कश्मीर में श्रीनगर तथा नेपाल में देवपाटन नामक दो नगरों की स्थापना भी की थी।

**144. Who were the 'Pradesikas'?/'प्रादेशिका' कौन थे?**

(a) Executive officers/कार्यकारिणी अफसर
(b) Superintendents/अधीक्षक
(c) Revenue collectors/राजस्व संग्रहकर्त्ता
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (c) :** प्रादेशिका, राजस्व संग्रहकर्ता थें।
सम्पूर्ण मौर्य साम्राज्य का विभाजन प्रांतो में किया गया था। प्रान्त जिलो में विभाजित थे जिनमें रज्जुक एवं प्रादेशिक अधिकारियों की नियुक्ति की जाती थी जो जिलो के प्रशासन एवं भूराजस्व व्यवस्था के साथ न्याय व्यवस्था को देखते थे।

**145. Whose pacifist policy was responsible for the decline of Mauryan empire?/मौर्य साम्राज्य के पतन के लिए जिम्मेदार संतुष्टिकरण की नीति किसकी थी?**

(a) Bindusara/बिंदुसार
(b) Chandragupta Maurya/चंद्रगुप्त मौर्य
(c) Ashoka/अशोक
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (c) :** मौर्य साम्राज्य के पतन के लिए जिम्मेदार सन्तुष्टिकरण की नीति अशोक की थी। कलिंग के युद्ध की विभिषिका के कारण उसका ह्रदय परिवर्तन हुआ और वह भेरीघोष की जगह धम्मघोष की नीति अपना लिया जिसके कारण शांति और अहिंसा की नीति के कारण देश को सैनिक दृष्टि से निर्बल कर दिया जो मौर्य साम्राज्य के पतन का कारण बनी।

**146. 'Ratnavali' was a famous work of :**
**'रत्नावली' एक प्रसिद्ध कृति थी–**

(a) Kalhan/कल्हन का
(b) Banabhatta/बाणभट्ट का
(c) Harshavardhan/हर्षवर्द्धन का
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (c) :** 'रत्नावली' एक प्रसिद्ध कृति हर्षवर्द्धन के द्वारा रचित थी। हर्षवर्द्धन स्वयं एक उच्चकोटि का विद्वान था, उसने अपने शासनकाल में शिक्षा एवं साहित्य की उन्नति को पर्याप्त प्रोत्साहन प्रदान किया। हर्ष को संस्कृत के तीन नाटक ग्रन्थों का रचयिता माना जाता है। प्रियदर्शिका, रत्नावली, तथा नागानन्द।

**147. Who equally patronized the Brahmanas and Buddhist Bhikshus and liberally gave both of them his charities?/किसने ब्राह्मणों और बौद्ध भिक्षुओं को बराबर संरक्षण दिया और दोनों को उदारता से भिक्षादान भी दिया था?**

(a) Rajyavardhan/राज्यवर्द्धन
(b) Prabhakarvardhan/प्रभाकरवर्द्धन
(c) Harshavardhan/हर्षवर्द्धन
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (c) :** हर्षवर्द्धन ब्राह्मणों और बौद्ध भिक्षुओं को बराबर संरक्षण दिया और दोनों को उदारता से भिक्षादान भी दिया था। हर्ष एक धर्म-सहिष्णु सम्राट था, और इस रूप में ब्राह्मणों तथा बौद्धो का सम्मान करता था तथा बौद्ध धर्म की महायान शाखा को राज्याश्रय प्रदान किया था। हर्षचरित में कई स्थानों पर ब्राह्मणों के प्रति उसकी उदारता का उल्लेख हुआ है। हर्ष के समय में प्रयाग के संगमक्षेत्र में प्रति पाँचवे वर्ष एक समारोह आयोजित किया जाता था इस समारोह में हर्ष दीन-दुखियो एवं अनाथों में प्रभूत दान वितरित किया करता था।

**148. Chola empire was revived in the middle of 9th Century by:/किसके द्वारा चोल साम्राज्य को नौवीं शदी में पुनर्जीवित किया गया था?**

(a) Parantaka/प्राणतक
(b) Rajaraja/राज्यराज
(c) Vijayalaya/विजयालय
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (c) :** चोल शासक विजयालय द्वारा चोल साम्राज्य को नौवी सदी में पुनर्जीवित किया गया था। चोल साम्राज्य की स्थापना विजयालय ने की थी। पाण्ड्यो को हराकर उसने तंजौर पर अधिकार कर लिया तथा नरकेसरी का उपाधि धारण की। विजयालय पल्लवों का सामन्त था।

**149. Nagarattas were entrusted with the duties of making trade and business prosper by the rulers of :/किन राजाओं के द्वारा नागरत्त को व्यापार और व्यवसाय को संपन्न करने के लिए सुपुर्द किया गया था?**

(a) Pushpabhuti dynasty/पुष्पभूति वंश
(b) Chola dynasty/चोल वंश
(c) Mauryan dynasty/मौर्य वंश
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (e) :** जैन ग्रन्थ कथाकोश में नागदत्त (नागरत्त) नामक एक व्यापारी की कथा दी गई है, जो धन उपार्जन करने के लिए पाँच सौ जहाजों को लेकर समुद्र यात्रा के लिए चला था। मार्ग में उसके जहाज एक ऐसे स्थान पर फँस गये, जो पहाड़ियों से घिरा हुआ था। नागदत्त ने अपनी विपत्ति की सूचना एक तोते के पैर में बँधे हुए पत्र द्वारा बाहर भेजी। यह पत्र सुवर्णद्वीप के राजा सुन्दर के हाथ लग गया, और उसने नागदत्त (नागरत्त) को संकट से उद्धार किया।

**150. Which country of Europe adopted the policy of 'splendid isolation' for the growth of her economic activities?/अपनी आर्थिक गतिविधियों के विकास के लिए यूरोप के किस देश ने 'अत्युत्तम पृथ्यकरण' की नीति को अपनाया गया था?**

(a) Russia/रूस
(b) France/फ्राँस
(c) England/इंग्लैंड
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (b) :** अपनी आर्थिक गतिविधियों के विकास के लिय यूरोप के फ्रांस देश ने अत्युत्तम पृथ्यकरण की नीति को अपनाया था। फ्रांस में हुए क्रांति (1789 ई.) ने राजनीतिक, सामाजिक, एवं आर्थिक समानता की भावना को जन्म दिया जिसके पश्चात् फ्रांस ने अत्युत्तम पृथ्यकरण की नीति को अपनाया था।

# बिहार लोक सेवा आयोग विद्यालय अध्यापक परीक्षा, 2023
# इतिहास (TRE 2.0)
## प्रश्न पत्र-4 (कक्षा 11 से 12 तक)
## व्याख्या सहित हल प्रश्न पत्र

**(परीक्षा तिथि : 15.12.2023)**

## Part-I : Language

**Directions (Q. Nos. 1 and 2) : Fill in the blanks with suitable articles like 'a', 'an' and 'the' :**

**1. There are 30 or 31 days in _____ month.**

(a) the
(b) a
(c) an
(d) More than one of the above
(e) None of the above

**Ans. (b) :** उपर्युक्त वाक्य के रिक्त स्थान में Indefinite article 'a' का प्रयोग प्रयुक्त होगा, क्योंकि singular countable noun (month) के पहले article 'a' का प्रयोग होता है।

**नोट–**Article 'a' का प्रयोग consonant sound के पहले एवं 'an' का प्रयोग Vowel sound के पहले होता है।

Definite article 'the' का प्रयोग Specific noun (singular or plural) के पहले होता है।

**Correct Sentence–**

There are 30 or 31 days in a month.

**2. My father is_____engineer in the Water Works Department.**

(a) the
(b) an
(c) a
(d) More than one of the above
(e) None of the above

**Ans.(b) :** उपर्युक्त वाक्य के रिक्त स्थान में 'an' का प्रयोग प्रयुक्त होगा, क्योंकि Indefinite article 'an' का प्रयोग vowel sound के पहले एवं 'a' का प्रयोग consonant sound के पहले singular noun के साथ होता है इसलिए singular noun 'engineer' के पहले article 'an' प्रयुक्त होगा। अन्य विकल्प भिन्न अर्थ देते हैं।

**Correct sentence–**My father is an engineer in the water works department.

**3. Which of the following is a part of bedroom?**

(a) Pillow
(b) Table lamp
(c) Curtains
(d) More than one of the above
(e) None of the above

**Ans.(d):** उपर्युक्त विकल्पों में विकल्प (d) 'More than one of the above' सही है, क्योंकि Pillow (तकिया), Table Lamp (दीपक), Curtains (पर्दा) आदि Bedroom के भाग हैं। इसलिए विकल्प (d) सही उत्तर होगा।

**4. Which of the following is a part of a room?**

(a) Window
(b) Ceiling
(c) Floor
(d) More than one of the above
(e) None of the above

**Ans.(d):** उपर्युक्त विकल्पों में विकल्प (d) 'More than one of the above' सही है क्योंकि 'Window' (खिड़की), Ceiling (छत) एवं 'Floor' (फर्श) Room के भाग हैं। इसलिए विकल्प (d) अभीष्ट उत्तर होगा।

**5. Rainy season comes before**

(a) winter
(b) spring
(c) summer
(d) More than one of the above
(e) None of the above

**Ans.(e):** उपर्युक्त विकल्पों में विकल्प (e) 'None of the above' (इनमें से कोई नहीं) सही है, क्योंकि वर्षा ऋतु (Rainy Season) Pre-winter season (शीत ऋतु पूर्व) जिसे 'हेमंत ऋतु' (Hemant) कहते हैं के पहले आती है। इसलिए प्रश्न का अभीष्ट उत्तर विकल्प (e) होगा।

| Seasons of India | Months |
|---|---|
| Spring season (Vasant) (वसंत ऋतु) | February to March |
| Summer Season (Grishma) (ग्रीष्म ऋतु) | March to May |
| Monsoon Season (Versha) (वर्षा ऋतु) | June to September |
| Autumn Season (Shared) (शरद ऋतु) | October to November |
| Pre-winter Season (Hemant) (शीत ऋतु पूर्व) | December to January |
| Winter Season (Shishir) (शिशिर) | January to February |

**6. The eighth month of the year is**

(a) July
(b) September
(c) October
(d) More than one of the above
(e) None of the above

**Ans.(e):** दिये गये विकल्पों में विकल्प (e) 'None of the above' (इनमें से कोई नहीं) सही है। क्योंकि एक वर्ष में 12 महीने होते हैं और आठवाँ महीना 'August' होता है। इसलिए प्रश्न का अभीष्ट उत्तर विकल्प (e) होगा।

**7. Sister-in-law is**

(a) Husband's sister
(b) Wife's sister
(c) Brother's wife
(d) More than one of the above
(e) None of the above

**Ans.(d):** उपर्युक्त विकल्पों में विकल्प (d) 'More than one of the above' (एक से अधिक) सही है क्योंकि 'Sister-in-law' का अर्थ– Husband's sister (ननद), Wife's sister (साली), Brother's wife (भाभी) होता है। अतः उपर्युक्त प्रश्न का अभीष्ट उत्तर विकल्प (d) होगा।

**8. Cousins are**

(a) Maternal
(b) Paternal
(c) Siblings
(d) More than one of the above
(e) None of the above

**Ans.(d):** उपर्युक्त विकल्पों में विकल्प (d) 'More than one of the above' (एक से अधिक) अर्थात् विकल्प (a) और (b) सही है, क्योंकि 'ममेरा चचेरा भाई', चचेरा भाई होता है, जो परिवार के माता पक्ष (Maternal) से संबंधित होता है, जबकि पैतृक चचेरा भाई, चचेरा भाई होता है, जो परिवार के पिता पक्ष (Paternal) से संबंधित है।

Siblings

(सगे भाई, बहन) चचेरे भाई, बहन नहीं होते हैं, बल्कि वे एक ही माता-पिता के संतान (सगे भाई, बहन) होते हैं।

**9. 'चाँदी' शब्द में कौन-सी संज्ञा है?**

(a) द्रव्यवाचक संज्ञा
(b) जातिवाचक संज्ञा
(c) भाववाचक संज्ञा
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (a):** चाँदी शब्द में द्रव्यवाचक संज्ञा है। जिस संज्ञा से माप-तौल वाली वस्तुओं का बोध हो, वह द्रव्यवाचक संज्ञा होती है। जिस शब्द से किसी एक प्रकार की वस्तुओं, पदार्थों अथवा व्यक्तियों का बोध हो वह जातिवाचक संज्ञा होती है एवं जिस संज्ञा से पदार्थ में पाये जाने वाले धर्म, गुण, अवस्था अथवा व्यापार को बोध हो, वह भाववाचक संज्ञा होती है।

**10. निम्नलिखित शब्दों में से कौन-सा 'एकवचन' है?**

(a) हस्ताक्षर
(b) छाया
(c) आँसू
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (d):** 'छाया' शब्द एकवचन है जबकि हस्ताक्षर एवं आँसू सदैव बहुवचन में प्रयुक्त होते हैं।

**11. हिन्दी शब्दकोश में 'क्ष' का क्रम किस वर्ण के बाद आता है?**

(a) त्र के पश्चात्
(b) ज्ञ के पश्चात्
(c) क के पश्चात्
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (c):** हिन्दी शब्दकोश में 'क्ष' का क्रम 'क' वर्ण के पश्चात् आता है। जबकि 'त' के बाद 'त्र' तथा 'ज' के बाद 'ज्ञ' आता है।

**12. ''जिसकी यह पुस्तक है, उसे लौटा दो।'' इस वाक्य में कौन-सा सर्वनाम है?**

(a) निश्चयवाचक
(b) संबंधवाचक
(c) पुरुषवाचक
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (b):** जिसकी यह पुस्तक है, उसे लौटा दो। इस वाक्य में संबंधवाचक सर्वनाम है। जिस सर्वमाम से वाक्य में किसी दूसरे सर्वनाम से संबंध स्थापित किया जाए, उसे संबंधवाचक सर्वनाम कहते हैं जबकि जिस सर्वनाम से वक्ता के पास या दूर की किसी वस्तु के निश्चय का बोध होता है, उसे निश्चयवाचक सर्वनाम कहते हैं और पुरुषवाचक सर्वनाम पुरुषों (स्त्री या पुरुष) के नाम के बदले आते हैं। जैसे-मै, हम (उत्तमपुरुष), तू, तुम, आप (मध्यम पुरुष), वह, से, यह (अन्य पुरुष)।

**13. विशेषण का प्रमुख भेद कौन-सा नहीं है?**

(a) असार्वनामिक विशेषण
(b) गुणवाचक विशेषण
(c) परिमाणवाचक विशेषण
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (a):** 'असार्वनामिक' विशेषण का भेद नहीं है जबकि सार्वनामिक विशेषण, गुणवाचक विशेषण, परिमाणवाचक एवं संख्या वाचक ये सभी विशेषण के भेद हैं।

**14. निम्नलिखित में से कौन-सा अशुद्ध शब्द है?**

(a) वीभत्स
(b) लगान
(c) आगामी
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (e):** वीभत्स, लगान एवं आगामी तीनों ही शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध हैं। अतः इनमें से कोई भी सही नहीं है।

**15. निम्नलिखित में से कौन-सा शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है?**

(a) क्षत्रिय
(b) क्षत्रीय
(c) उज्जवल
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (a):** 'क्षत्रिय' शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है जबकि उज्जवल शब्द की शुद्ध वर्तनी 'उज्ज्वल' होगी।

**16. निम्नलिखित में से कौन-सा 'तत्सम' शब्द है?**

(a) घर
(b) स्नेह
(c) छेद
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (b):** 'स्नेह' तत्सम शब्द है जबकि घर तद्भव है इसका तत्सम 'गृह' एवं छेद का तत्सम 'छिद्र' होगा। संस्कृत के ऐसे शब्द जो बिना किसी परिवर्तन के हिन्दी में प्रयोग होते हैं, तत्सम शब्द कहलाते हैं और संस्कृत के ऐसे शब्द जो समय के साथ थोड़ा-बहुत परिवर्तित होकर हिन्दी में प्रयुक्त होते हैं, तद्भव शब्द कहलाते है।

**17. निम्नलिखित में से कौन-सा विदेशी शब्द है?**

(a) बाघ
(b) परीक्षा
(c) चाय
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (c):** चाय विदेशी शब्द है। यह चीनी भाषा से हिन्दी में आया है जबकि बाघ तद्भव शब्द तथा परीक्षा तत्सम शब्द है।

**18. रचना के आधार पर 'जिन शब्दों के खंड सार्थक न हों' उन्हें कौन-सा शब्द कहा जाता है?**

(a) रूढ़
(b) यौगिक
(c) योगरूढ़
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (a):** रचना के आधार पर 'जिन शब्दों के खंड सार्थक न हों' उन्हें रूढ़ शब्द कहा जाता है। जैसे- नाक, कान, पीला आदि। जबकि ऐसे शब्द जो दो शब्दों के मेल से बनते हैं और जिनके खंड सार्थक होते हैं, यौगिक शब्द कहलाते हैं और ऐसे शब्द जो यौगिक तो होते हैं पर अर्थ के विचार से अपने सामान्य अर्थ को छोड़ किसी परंपरा से विशेष अर्थ के परिचायक हैं, योगरूढ़ शब्द कहलाते हैं। जैसे- लंबोदर, पंकज आदि।